महात्मा गांधी की समाधि ही समय-समय पर यथा संशोधित राजघाट समाधि अधिनियम, 1951 द्वारा शासित होती है। अन्य राष्ट्रीय नेताओं की समाधि को शासित करने संबंधी ऐसा कोई कानून नहीं है।

इंडिया गेट पर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित किया जाना

4241. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इण्डिया गेट पर महात्मा गांधी की एक प्रतिमा स्थापित करने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इण्डिया गेट पर स्थित सम्राट जार्ज पंचम की प्रतिमा, वहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए हटा दी गयी थी; और

(ग) सम्राट जार्ज पंचम की प्रतिमा वाली छतरी कब से खाली पड़ी है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन)

(क) महात्मा गांधी की मूर्ति बनाने के लिए एक मूर्तिकार को लगाया है।

(ख) जी, हां।

(ग) जुलाई, 1968 से।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग नार्थ एवेन्यू संसदीय पक्ष में भ्रष्टाचार

4242. श्री अमरसिंह देवसंकर दवे:
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :

क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, नार्थ एवेन्यू संसदीय पक्ष में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में कोई सूचना प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान कितने अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है और उनमें से कितने अधिकारियों की सेवा समाप्त की गई है/ सेवा समाप्त किए जाने का मामला विचाराधीन है;

(ग) यह क्या यह भी सच है कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये थे, उनके लिए मात्र स्थानान्तरण आदेश जारी किये गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग नार्थ ऐवेन्यू, नई दिल्ली में भ्रष्ट अधिकारियों और कदाचार में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन)

(क) एक शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें संसद निर्माण मण्डल–I, तथा III केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्यकरण में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता, क्योंकि शिकायत की जांच पड़ताल का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है।

Additional central assistance for the development of cities and towns

4243. SHRI ISH DUTT YADAV:
SHRI AJIT P. K. JOGI:

Will the Minister of URBAN-AFFAIRS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether State Government have sent any proposals for additional Central assistance for the Development of cities and towns;